शिवराज-विजयः

(ऐतिहासिक उपन्यासः)

द्वितीयो विरामः

(आपञ्चमाद् अष्टमनिश्वासात्मकः)

॥ श्रीहरिः ॥

धर्मनियन्त्रिताया भारतीयराजनीतेस्तत्प्रसङ्गेन भारतीयसंस्कृतेः शौर्य्यवीर्य्याध्यवसायादिलोकोपयुक्तकल्याणगुणगणानाञ्च शिवराजविजयकाव्ये शोभनं सङ्कलनमतीवोपयोगि चैतस्मिन् विषमेऽनेहसि ।

करपात्रस्वामिनः

प्रणेता—

महाकवि-श्रीमदम्बिकादत्त-व्यासः

॥ श्रीः ॥

महाकवि-श्रीमदम्बिकादत्त-व्यास-विरचितः

शिवराज विजयः

(ऐतिहासिक उपन्यासः)

●

द्वितीयो विरामः

(आपञ्चमाद् अष्टमनिश्वासात्मकः)

●

व्याकरण-साहित्य-मीमांसाद्याचार्येण

(स्व०) पं० श्रीरामजीपाण्डेयशास्त्रिणा

विरचितया वैजयन्त्या

काशिकहिन्दूविश्वविद्यालय–स्थित-कलासङ्कायस्य दर्शन-विभागे प्राध्यापकेन

श्रीकेदारनाथमिश्रेण

प्रणीतेन राष्ट्रभाषानुवादेन च विभूषितः

●

सम्पादकीय

अपने पाठकों के हाथ में शिवराजविजय का यह संस्करण रखते हुए हमें बड़े सन्तोष और हर्ष का अनुभव हो रहा है। इस संस्करण के प्रारम्भ में शिवराजविजय के लेखक पण्डित अम्बिकादत्त व्यास का एक अनति-विस्तृत प्रामाणिक जीवनवृत्त प्रस्तुत किया गया है, जो स्वयं उन्हीं के द्वारा उपनिबद्ध विवरणों पर प्रतिष्ठित है; तथा स्वयं अम्बिकादत्त व्यास द्वारा लिखित गद्यकाव्य-मीमांसा नामक पुस्तक से संकलित अंशों को अविकल रूप में उद्धृत कर भूमिका के रूप में गद्यकाव्य-मीमांसा शीर्षक से प्रकाशित किया गया है, जिससे उनके गद्यकाव्य एवं उपन्यास सम्बन्धी विचारों को पाठकों के सम्मुख व्यवस्थित रूप से उपस्थापित किया जा सके। मूल ग्रंथ के कलेवर में मूल संस्कृत के नीचे वैजयन्ती (संस्कृत) टीका और उसके नीचे मूलानुसारी हिन्दी अनुवाद दिया गया है। इस प्रकार प्रस्तुत संस्करण शिवराजविजय के अब तक के सभी संस्करणों से अधिक उपयोगी और संग्राह्य बन गया है।

शिवराजविजय के इस द्वितीय विराम का अनुवाद मेरी धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता मिश्र, एम०ए० ने मुझे निरन्तर प्रेरणा और सक्रिय सहयोग देकर पूरा कराया हैं। इसके लिये वे हमारे धन्यवाद की पात्र हैं। इस कार्य में मेरे मित्र श्री रामायण द्विवेदी, साहित्याचार्य और श्री अनन्तप्रसाद मिश्र, एम० ए० ने विविध रूपों में मेरी सहायता की है। इसके लिये हम उनके कृतज्ञ हैं। हिन्दी अनुवाद के एक अंश की मुद्रण प्रति (प्रेस-कॉपी) मेरे

प्रिय शिष्य ब्रह्मचारी ओंकारानन्द वेदान्ताचार्य ने तैयार की हैं और प्रूफ संशोधन का कार्य मेरे सुहृद् श्रीरामचन्द्र पाण्डेय ज्योतिषाचार्य और श्रीजितेन्द्रयाचार्य ने किया है। हम इन सभी शुभाकांक्षियों के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

इस संग्राह्य संस्करण के साथ ही शिवराजविजय के प्रथम और तृतीय विरामों को संस्कृत टीका और हिन्दी अनुवाद सहित अलग-अलग छाप कर, सम्पूर्ण शिवराजविजय को एक जिल्द में संस्कृत टीका और हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित कर तथा केवल हिन्दी अनुवाद को स्वतन्त्र रूप से हिन्दी शिवराजविजय के नाम से प्रकाशित कर श्री कृष्णकुमार व्यास ने विविध संस्करणों में इस ग्रन्थरत्न को प्रस्तुत कर विद्याव्यसनियों का जो कल्याण किया है, उसके लिये उन्हें धन्यवाद देना हम अपना कर्तव्य समझते हैं।

भारतीय दर्शन एवं धर्म विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
३१—७—१९६९

विदुषामाश्रवः—
केदारनाथ मिश्रः

प्रस्तुत तृतीय संस्करण पूर्ववत् ही प्रकाशित हुआ है।

डाक्टर भगवान्दास

शान्तिसदन, सिगरा,
(बनारस कैण्ट)

तिथि १३ आश्विन २००३ वि०

श्री अम्बिकादत्तव्यासजी का "शिवराज-विजय" नाम का गद्यकाव्य, बहुत वर्ष हुए, मैंने आद्योपान्त पढ़ा—कुछ वर्षों के पीछे पुनः आद्योपान्त पढ़ा—इधर उसका पाँचवाँ संस्करण निकला—इस नये संस्करण की एक प्रति में इस काव्य को तीसरी वार पढ़ रहा हूँ—प्रत्येक आवृत्ति में आनन्द अधिक आया—

संस्कृत के पण्डित-मण्डली में प्रायः तीन गद्यकाव्यों की चर्चा अधिक होती रही है, सुबन्धु की 'वासवदत्ता', वाण की 'कादम्बरी', दण्डी का 'दशकुमारचरित'—दण्डी का गद्यकाव्य तो निश्चयेन, अन्य दोनों की अपेक्षा से अच्छा कहा जा सकता है,—यद्यपि 'अ-लौकिक' असम्भाव्य-सी घटनाएँ उसमें कई बेर आई हैं, तथापि भाषा, ओजस्विनी होती हुई भी कुछ अर्थ रखती है, और राजनीति, लोकचातुरी, ललितकला आदि विषयक ज्ञान भी उसमें रक्खा है—पर 'वासवदत्ता' और 'कादम्बरी' के शब्दों की अरण्यानी में तो वेचारा अर्थपथिक सर्वथा भूल भटक कर खो जाता है; उसका पता ही नहीं लगता कविता के गुणों में प्रसाद गुण एक मुख्य गुण है; वह इन दो काव्याभासों में मिलता नहीं—

विपरीत इसके, शिवराजविजय में, भाषा उत्तमोत्तम, ओजस्विनी भी, अर्थपूर्ण भी, सुवोध्य भी; यथास्थान, यथावसर, उद्दाम भी, कोमल भी। नवो रस भी इसमें वहुत औचिती और दक्षता से रक्खे हैं; वीररस, जिसका अर्वाचीन, संस्कृत-साहित्य में प्रायः अभाव ही है, वह इस ग्रन्थ में प्रधान है; शृङ्गार भी है, और सर्वथा सात्त्विक, सुश्लील, कोमल, प्रीति रूप; कहीं भी अश्लीलता आने नहीं पाई है; युद्धों के प्रसंग में रौद्र, भयानक, वीभत्स का और वीर के सम्बन्ध में अद्भुत का, रूप वहुत पर्याप्त मात्रा में दिखा दिया है। राजनीति और चार-चातुर्य और रणकौशल का भी निरूपण वहुत सुन्दर है। सर्वोपरि गुण इसका यह है कि विषय ऐतिहासिक, अधिकांश वास्तविक है, कपोल-कल्पित नहीं; और देशभक्ति, जन्म-भूमि-भक्ति, प्रजा की राज-भक्ति, राजा की प्रजा भक्ति, दोनों की धर्म-भक्ति, और भारतीय राष्ट्रीय-भाव से भरा है; जिन भावों का अर्वाचीन संस्कृत ग्रन्थों में सर्वथा अभाव है।

मैं जान नहीं सकता कि क्यों पण्डित मण्डली में अश्लीलता-पूर्ण, 'हठाद् आकृष्ट-पद-पूर्ण' माघ, किरात आदि काव्यों की इतनी महिमा है; और इस रत्नभूत ग्रन्थ से ईर्ष्या नहीं तो विमुखता है। इसका जितना अधिक प्रचार हो उतना अच्छा है—

—भगवान्दास

पण्डित अम्बिकादत्त व्यास

विहारभूषण, भारतभूषण, भारतरत्न, भारतभास्कर, घटिकाशतक, शतावधान, धर्माचार्य, महामहोपदेशक, सुकवि, साहित्याचार्य ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) Veda Nidhi Varanasi. Digitzed by eGangotri

पं० अम्बिकादत्त व्यास साहित्याचार्य

"अपने विषय का भला-बुरा लेख कदाचित् इतिहास विद्या की किसी अंश में सहायता करे यह समझ···नागरीप्रचारिणी के सभ्यगण के प्रोत्साहन से प्रोत्साहित हो··ग्रन्थकारों का स्ववृत्त न लिखना विद्वज्जन मात्र की दृष्टि में ऊनता है, इस भाव से भावित हो*" श्री अम्बिकादत्त व्यास ने 'संक्षिप्त निज वृत्तान्त' शीर्षक से अपनी आत्मकथा लिखी थी, जो उनके 'विहारी विहार' ग्रंथ में परिशिष्ट के रूप में छपी थी। उसी आत्मकथा को उपजीव्य बनाकर हम यहाँ उनका एक संक्षिप्त किन्तु प्रामाणिक जीवन-वृत्त प्रस्तुत कर रहे हैं।

राजस्थान के 'रावतजी की धूला' नामक ग्राम से सकुटुम्ब आकर काशी में बस गये आदि गौड, पराशरगोत्रीय त्रिप्रवर यजुर्वेदाध्यायी भींडावंशावतंस पण्डित राजाराम शास्त्री के ज्येष्ठ पुत्र श्री दुर्गादत्तजी अपने समय के कवि-मण्डल में दत्तकवि के नाम से सुप्रसिद्ध थे। उनकी ससुराल जयपुर में सिलावटों के मुहल्ले में थी। वहीं चैत्रशुक्ल अष्टमी वि० सं० १९१५ को उनके द्वितीय पुत्र का जन्म हुआ, जिसका नाम अम्बिकादत्त रखा गया। बालक अम्बिकादत्त में कविता करने की प्रतिभा जन्मजात थी, और शिक्षित भाई बहिनों का अनुकूल वातावरण पाकर वह विकसित होने लगी। फलतः दस वर्ष के अल्प वय में ही उन्होंने प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट, समस्यापूर्ति और 'सरस्वतींयन्त्र' काव्य का अच्छा अभ्यास कर लिया। वे स्वयं लिखते हैं:

"१० वर्ष के वय में मैं हिन्दी भाषा में कुछ कुछ कविता करने लग गया था, परन्तु मेरी कविता को जो सुनता था वह कहता था कि इनकी बनाई कविता नहीं है, पिताजीं से बनवाई है। जब कुछ लोग मेरी अवहेलना करते थे और मैं उदास होता था, तब मेरे पिताजी यह श्लोक कहते थे:

---

* संक्षिप्त निजवृत्तान्त—पृष्ठ १।

"कमलिनि मलिनीकरोषि चेतः
किमिति बकैरवहेलितानभिज्ञैः।
परिणतमकरन्दमार्मिकास्ते
जगति भवन्तु चिरायुषो मिलिन्दाः॥"*

'प्रस्तार दीपक' और 'शिवविवाह' नामक हिन्दी ग्रंथों की रचना उन्होंने क्रमशः दस और वारह वर्ष के वय में आरम्भ की थी, किन्तु वे इन्हें पूरा नहीं कर सके।

वि०सं० १९२६ में वे भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आदि की सभाओं में कविता-पाठ, समस्यापूर्ति आदि करने लगे थे। 'कवि वचन सुधा' के प्रकाशन के साथ ही वि० सं० १९२७ में इनकी कविताओं का प्रकाशन भी प्रारम्भ हो गया।

इसी समय उन्होंने काशिराज द्वारा स्थापित धर्मसभा की परीक्षा में साहित्य में पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार ग्रहण करते समय वालक अम्विकादत्त ने काशिराज ईश्वरीप्रसाद नारायण सिंह और उनके पण्डित श्री ताराचरण भट्टाचार्य तर्करत्न के प्रश्नों का श्लोकवद्ध उत्तर देकर उन्हें मुग्ध कर लिया। गणेश शतक (संस्कृतकाव्य) उनकी इसी समय की रचना है।

वारहवर्षीय अम्विकादत्त को 'सरस्वतीयन्त्र' कविता करते देखकर और उनकी कुछ अन्य कविताएँ सुनकर एक वृद्ध तैलङ्ग अष्टावधान ने कहा था: 'सुकविरेष:' और तभी भारतेन्दु ने उन्हे एक प्रशंसा-पत्र देते हुए 'काशी कवितावर्द्धिनी सभा' की ओर से 'सुकवि' उपाधि प्रदान की थी।

वालक अम्विकादत्त कविता करने के साथ ही साथ पहले घर में और फिर मन्दिरों आदि में एकादशी, हरतालिका, भागवत आदि की कथा भी कहा करते थे। इससे उनकी झिझक दूर हो गई और उनमें वाग्मिता तथा सभाचातुरी भी आ गई।

तेरह वर्ष के अल्प वय में ही अम्विकादत्त का विवाह हो गया। वि०सं० १९३२ में सत्रहवर्षीय अम्विकादत्त ने काशी के गवर्नमेंट संस्कृत

---

* संक्षिप्त निजवृत्तान्त—पृष्ठ २।

कालेज में ऐंग्लो-संस्कृत विभाग में नाम लिखाया, और सं० १९३४ में उत्तम वर्ग तक की पढ़ाई समाप्त की। सं० १९३४ में ऐंग्लो संस्कृत विभाग के तोड़ दिये जाने पर उनकी अंग्रेजी शिक्षा स्वाध्याय तक ही सीमित रह गई। इसी बीच उन्होंने बँगला भाषा भी सीखी।

वि०सं० १९३७ में गवर्नमेंट संस्कृत कालेज में आचार्य की परीक्षा प्रारम्भ हुई। साहित्य में तेरह व्यक्तियों ने परीक्षा दी, जिसमें केवल अम्बिकादत्त ही उत्तीर्ण हुए। 'व्यास' की उपाधि उन्हें अच्छी कथा कहने के कारण स्वामी विशुद्धानन्दजी से पहले ही मिल चुकी थी। अब वे सुकवि साहित्याचार्य पण्डित अम्बिकादत्त व्यास कहे जाने लगे।

वि०सं० १९३४ में उन्होंने एक साथ साङ्ख्यसागरसुधा, पातञ्जल-प्रतिबिम्ब, कुण्डलीदर्पण, इतिहाससंक्षेप और सामवतम् इन पाँच संस्कृत ग्रंथों की रचना प्रारम्भ की थी, इनमें से इतिहास संक्षेप कभी पूरा न हो सका और कुण्डलीदर्पण कभी छप न सका। योग और सांख्य के उपर्युक्त ग्रंथ क्रमशः सं० १९४८ और सं० १९५२ में छपे थे। सामवतम् (संस्कृत नाटक) की रचना मिथिलानरेश के राजपण्डित के अनुरोध पर, युवराज के राज्याभिषेक के अवसर पर अभिनीत होने के लिये की गई थी। यह नाटक संवत् १९३७ में पूरा हो गया था। इसी वर्ष उन्होंने गुप्ताशुद्धिप्रदर्शनम्, अबोध-निवारण, (महर्षि दयानन्द की एक संस्कृत पुस्तक की अशुद्धियों का विवेचन) आदि कृतियाँ भी लिखीं और छापीं। बाईस वर्ष के अम्बिकादत्त व्यास की 'सामवतम्' नामक नाट्यकृति के बारे में डा० भगवान्दास ने लिखा है :

"श्री अम्बिकादत्त व्यास जी का रचा सामवतम् नाम नाटक दो बार पढ़ा। 'पुराणम् इत्येव हि साधु सर्वम्' ऐसा मानने वाले सज्जन प्रायः मेरे मत पर हँसेंगे, तो भी मेरा मत यही है कि कालिदास रचित 'शकुन्तला' से किसी बात में कम नहीं है।"

शीघ्र कवित्व, सभाओं में भाषण देने और शास्त्रार्थ करने का जो कौशल अम्बिकादत्त ने अर्जित किया था, उसके प्रकाशन का अवसर उन्हें तब मिला, जब वे पोरबन्दर के वल्लभकुलावतंस गोस्वामी जीवनलाल के साथ धर्मोपदेश के लिये

निकले, और सनातन धर्म के प्रचार के लिये व्याख्यान देने लगे। विहार में आर्य-समाज की जो तेज लहर आ रही थी, उसे रोकने में उन्होंने वड़ी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने काशी से 'वैष्णवपत्रिका' नामक एक अल्पजीवी मासिक पत्र भी निकाला। सं० १९३८ में काशी ब्रह्मामृतवर्षिणी सभा के पण्डितों की ओर से उन्हें रजत पदक सहित **घटिकाशतक** की उपाधि प्रदान की गयी।

अम्बिकादत्त की माँ का देहावसान वि० सं० १९३१ में ही हो गया था, सं० १९३७ में उनके पिता जी ने भी शरीर छोड़ दिया। अल्पवयस्क अम्बिकादत्त के आश्रयहीन परिवार पर अभाव के वादल घिर आये, और जीविका के अभाव तथा ऋण के बोझ ने उन्हें चिन्तित कर दिया। सं० १९४० में जव गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज, बनारस के प्रिंसिपल ने उन्हें मधुवनी संस्कृत स्कूल का अध्यक्ष नियुक्त किया तो यह चिन्ता कुछ कम हुई। पर वहाँ भी वे जम न सके। वहाँ अग्निकाण्ड में उनका घर भस्मसात् हो गया, जिसमें इनकी कई पुस्तकें और अनेक प्राचीन ग्रन्थ राख हो गये। इसी बीच इनका सहोदर अनुज, जिसे ये अपने साथ रखते और स्वयं पढ़ाते थे, अपनी नवोढा पत्नी की माँग सूनी कर स्वर्ग सिधार गया। खिन्नमना अम्बिकादत्त ने उदास होकर मधुवनी से त्यागपत्र दे दिया, किन्तु शीघ्र ही (सं० १९४३ में) उन्हें मुजफ्फरपुर जिला स्कूल में 'हेड पण्डित' नियुक्त किया गया, जहाँ से सं० १९४४ में उन्हें भागलपुर जिला स्कूल भेज दिया गया। भागलपुर से वे छपरा गये, जहाँ अपने अन्तिम समय तक रहे। इस प्रकार उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः विहार प्रान्त ही रहा।

सं० १९४५ में सामवतम् नाटक को मिथिलेश्वर को समर्पित करने के साथ ही उन्होंने शिवराज विजय की रचना प्रारम्भ कर दी, और सं० १९५० में उसे पूरा कर दिया।

इस समय तक हिन्दी, संस्कृत और बँगला के ओजस्वी वक्ता के रूप में उनकी धाक जंम चुकी थी, और उनके वैदुष्य की कीर्ति दूर दूर तक फैल चुकी थी। विहारी के दोहों पर **'बिहारी-बिहार'** नाम से लिखा गया उनका कुण्डलियामय ग्रन्थ जब सं० १९५२ में छपा, तो वे हिन्दी जगत् के मूर्धन्य कवियों की चर्चा के विषय वन गये। इस ग्रन्थ की शोधपूर्ण भूमिका के सम्वन्ध में जार्ज ग्रियर्सन ने लिखा था—

"I have read the introduction with special interest and was much gratified to see so much fresh light thrown on difficult historical questions. Indeed I have no hesitation in saying that it is a model of historical research conducted with industry and sobriety, both of which are unfortunately too often abandoned by writers in this country in favour of credulity and hasty conclusions."*

पं० अम्विकादत्त व्यास को सनातन धर्म महामण्डल, दिल्ली से विहारभूषण की उपाधि सहित स्वर्णपदक; काशी की महासभा में काँकरोली के गोस्वामी श्री बालकृष्णलाल से (सं० १९५१ में) भारत-रत्न उपाधिसहित स्वर्णपदक, अयोध्यानरेश से शतावधान की उपाधि-सहित सम्मानपत्र और सुवर्णपदक तथा वम्बई की महासभा में गोस्वामी घनश्यामलाल से भारतभूषण की उपाधि सहित सुवर्णपदक प्राप्त हुआ था।

इस प्रकार बयालीस वर्ष की अल्प आयु में ही प्रायः अस्सी पुस्तकों का प्रणयन कर, महाकवि का सम्मान प्राप्त कर, पण्डित अम्विकादत्त व्यास सोमवार मार्गशीर्ष त्रयोदशी वि० सं० १९५७ को अपने पीछे एक नववर्षीय पुत्र, एक कन्या और विधवा पत्नी को निस्सहाय छोड़कर पञ्चतत्व को प्राप्त हो गये।

व्यासजी की प्रतिभा विलक्षण थी, और उसका लोहा बाँकीपुर में स्वामी सहजानन्द सरस्वती तथा काशी में स्वामी दयानन्द सरस्वती को भी मानना पड़ा था। प्रसिद्ध थियोसोफिस्ट कर्नल अल्काट और जार्ज गियर्सन ने उनकी वक्तृत्वशक्ति की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की थी। शीघ्र कविता की उनमें अद्भुत शक्ति थी, और २४ मिनट में सौ श्लोक बना लेने के कारण ही उन्हें घटिकाशतक की उपाधि मिली थी। द्रव्यस्तोत्रम् उनकी एक रात्रि की रचना है।

---

* विहारी-विहार, परिशिष्ट पृष्ठ ९

हिन्दी और संस्कृत साहित्य के तो वे आचार्य थे ही, सांख्य-योग, वेदान्त और न्याय आदि दर्शनों पर भी उनका अच्छा अधिकार था। कवि और विद्वान् होने के साथ ही वे शतरञ्ज के अच्छे खिलाड़ी, चित्रकार, संगीतज्ञ और एक अच्छे घुड़सवार भी थे। उनकी सर्वतोमुखी प्रतिभा और बहुमुखी प्रवृत्तियों की छाप उनकी सर्वोत्कृष्ट कृति शिवराजविजय में पद-पद पर अङ्कित मिलती है।

पं० अम्बिकादत्त व्यास साहित्याचार्य

विरचित ग्रन्थ *

	ग्रन्थ नाम	आरम्भ समय	समाप्ति समय	मुद्रण समय	मुद्रणयन्त्र नाम	विशेष
१	प्रस्तारदीपक	१९२५				अपूर्ण हिन्दीभाषा
२	गणेशशतक	१९२६	१९२७			संस्कृत
३	शिवविवाह	१९२७				अपूर्ण
४	सांख्यसागरसुधा	१९३४	१९३४	१९५२	व्यासयंत्रालय भागलपुर	बाबू महावीरप्र० कृ·भा·टी. सहित
५	पातञ्जलप्रतिविम्ब	१९३४	१९३७	१९४८	व्यासयंत्रालय	संस्कृत
६	कुण्डलीदर्पण	१९३४	१९३५			संस्कृत, अमुद्रित
७	सामवत नाटक	१९३४	१९३७	१९४५	खड्गविलास बाँकीपुर	संस्कृत
८	इतिहास संक्षेप					
९	रेखागणित	१९३४				संस्कृत, अपूर्ण
	(श्लोकबद्ध)१अ०	१९३५	१९३५			संस्कृत, अमुद्रित
१०	ललिता नाटिका	१९३५	१९३५	१९४०	हरिप्रकाश काशी	व्रजभाषा
११	रत्नपुराण	१९३५				संस्कृत, अपूर्ण
१२	आनन्द मञ्जरी	१९३६	१९३६			ब्रजभाषा (गीत)
१३	चिकित्सा चमत्कार	१९३६				अपूर्ण (मधुवनी में दग्ध होगया)
१४	अबोधनिवारण	१९३७	१९३७	१९३७	हरिप्रकाश काशी	हिन्दीभाषा (तीन बार छप चुका)
१५	गुप्ताशुद्धि प्रदर्शन	१९३७	१९३७	१९३७	,,	संस्कृत (दो बेर छपा)
१६	ताशकौतुकपचीसी	१९३७	१९३७	१९३७	काशी	हिन्दी भाषा

* 'विहारी-विहार' से उद्धृत ।

ग्रन्थ नाम	आरम्भ समय	समाप्ति समय	मुद्रण समय	मुद्रण यन्त्र नाम	विशेष
१७ समस्यापूर्ति सर्वस्व	१९३७			काशी	संस्कृत, अपूर्ण
१८ रसीली कजरी	१९३९	१९३९	१९३९	,,	हिन्दी भाषा
१९ द्रव्यस्तोत्र	१९३९	१९३९	१९३९	खड्गविलास (बाँकीपुर)	संस्कृत
२० चतुरंगचातुरी	१९३९	१९३९	१९४१	चन्द्रप्रभा काशी	हिन्दी भाषा
२१ गोसंकट नाटक	१९३९	१९३९	१९४१	खड्गविलास	,,
२२ महाताश कौतुक पचासा	१९३९	१९३९	१९३९	चंद्रप्रभा, काशी	,,
२३ तर्कसंग्रह, भा.टी.	१९४०	१९४०	१९४१	हरिप्रकाश	,,
२४ सांख्य-तरंगिणी	१९४०	१९४८	१९४८	खड्गवि. (बाँ.पु.)	,,
२५ क्षेत्रकौशल	१९४०	१९४०	१९४१	च.प्र., काशी	,,
२६ पंडित प्रपञ्च	१९४०				,,
२७ आश्चर्य्यवृत्तान्त	१९४१	१९४५	१९५०	व्यासयंत्रालय भागलपुर	,,
२८ छन्द:प्रबन्ध	१९४१				अपूर्ण
२९ रेखागणितभाषा	१९४२	१९४२	१९४३	खड्गविलास	हिन्दी भाषा
३० धर्म्म की धूम	१९४२	१९४२	१९४२	,,	ब्रजभाषा
३१ दयानन्द-मत मूलोच्छेद	१९४२	१९४२	१९४२	,,	हिन्दी भाषा
३२ दु:खद्रुमकुठार	१९४२	१९४३	१९४३	हरि प्रकाश	संस्कृत
३३ पावस पचासा	१९४२	१९४२	१९४२	खड्गविलास	ब्रजभाषा
३४ कलियुग औ घी	१९४३	१९४३	१९४३	नारायण प्रेस मुजफ्फरपुर	हिन्दी भाषा
३५ दोषग्राही ओ गुणग्राही	१९४३				अपूर्ण

	ग्रन्थ नाम	आरम्भ समय	समाप्ति समय	मुद्रण समय	मुद्रण यन्त्र नाम	विशेष
३६	उपदेशलता	१९४३	१९४३	१९४३	खड्गविलास	हिन्दी
३७	सुकवि सतसई	१९४३	१९४३	१९४४	नारायणप्रेस	ब्रजभाषा
३८	मानसप्रशंसा	१९४३	१९४४	१९४४	खड्गविलास	ब्रजभाषा(रामायणकी भूमिका में छपी)
३९	आर्य्यभाषा-सूत्रधार	१९४३				सूत्रवृत्ति संस्कृत अपूर्ण
४०	भाषाभाष्य	१९४३				आर्यभाषा सूत्रधार पर, अपूर्ण
४१	पुष्पवर्षा	१९४४	१९४४	१९४४	नारायण	ब्रजभाषा
४२	भारत सौभाग्य	१९४४	१९४४	१९४४	ख. वि.	हि. भा. नाटक
४३	बिहारी बिहार	१९४४	१९५२	१९५४	भारतजीवन	ब्रजभाषा
४४	रत्नाष्टक	१९४४	१९४४	१९४४	च० प्र०	संस्कृत
४५	मन की उमंग	१९४४	१९४४	१९४४	नारायण	हिं.तथा ब्र॰भा.
४६	कथा कुसुम	१९४४	१९४४	१९४४	ख॰ वि.	संस्कृत
४७	पुष्पोपहार	१९४४	१९४४	१९४४	,,	सं.तथा ब्र.भा.
४८	मूर्तिपूजा	१९४४	१९४७	१९४८	व्यासयंत्रालय	हिन्दी
४९	संस्कृताभ्यास-पुस्तकम्	१९४५	१९४५	१९४५	चं.प्र॰ काशी	सं. अंग्रेजी.
५०	कथाकुसुम-कलिका	१९४५	१९४५	१९४५	व्यासयंत्रालय	हिन्दीभाषा
५१	प्राकृतप्रवेशिका	१९४५	१९४५			अमुद्रित सं०
५२	संस्कृतसंजीवन	१९४५	१९४५	१९४५	चं० प्र०	हिं०भाषा
५३	प्राकृतगूढ शब्दकोश	१९४५	१९४५	१९४५	ख० वि०	सामवत के अंत में
५४	अनुष्टुप्-लक्षणोद्धार	१९४५	१९४५			अमुद्रित० सं०
५५	शिवराजविजय	१९४५	१९५०			अमुद्रित० सं०
५६	बालव्याकरण	१९४६	१९४६	१९४६	चं० प्र०	सं० अंग्रेजी

	ग्रन्थ नाम	आरम्भ समय	समाप्ति समय	मुद्रण समय	मुद्रण यन्त्र नाम	विशेष
५७	हो हो होरी	१९४६	१९४६	१९४६	व्यास यन्त्रा·	व्र· भाषा
५८	झूलन झमंक	१९४८	१९४८	१९४८	व्यास यन्त्रा.	व्र· भाषा
५९	स्वर्गसभा	१९४८	१९४८	१९४८	व्यास यन्त्रा.	व्र० भा०
६०	विभक्तिविभाग	१९४९	१९४९	१९४९	,, ,,	हिन्दी
६१	पढ़े पढ़े पत्थर	१९४९				
६२	सहस्रनाम-रामायण	१९५०	१९५०	१९५०	,, ,,	अपूर्ण संस्कृत
६३	गद्यकाव्य मी०	१९५०	१९५०	१९५०	,, ,,	संस्कृत
६४	मरहट्ठा नाटक	१९५०				अपूर्ण·हि·भा·
६५	साहित्यनवनीत	१९५०	१९५०	१९५०	श्रौतयन्त्रालय	हिन्दी
६६	वर्ण व्यवस्था	१९५०	१९५२			हिन्दी, अमुद्रित
६७	विहारी चरित	१९५०	१९५४	१९५४	भारतजीवन	विहारीविहार के आरंभ में
६८	आश्रमधर्म-निरूपण	१९५०	१९५२			अमुद्रित
६९	अवतार-कारिका	१९५४	१९५४	१९५४	व्यास यन्त्रा·	अवतारमीमांसा के अंत में, सं०
७०	अवतार मी०	१९५१	१९५१	१९५४	व्या० यं०	हिन्दी
७१	विहारीव्याख्या-कारचरितावली	१९५१	१९५४	१९५४	भारतजीवन	विहारी विहार की भूमिका में
७२	पश्चिम यात्रा	१९५१				अपूर्ण
७३	वामिचरित	१३५१	१९५२			अमु· व्र०भा०
७४	शीघ्रलेख प्रणाली	१९५२	१९५२			,, हिं० भाषा
७५	गद्यकाव्य-मीमांसा भा.	१९५३	१९५३	१९५४	राजराजेश्वरी	हिन्दीभाषा
७६	घनश्याम वि.	१९५३				अपूर्ण व्र. भा·
७७	रांची यात्रा	१९५४				अपूर्ण, हिं०भा०
७८	निज वृत्तान्त	१९५४	१९५४	१९५४		हिन्दी भाषा

गद्यकाव्यमीमांसा*

गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति अर्थात् कवि की कसौटी गद्य ही है। क्योंकि कविता में तो एक अंश के सुन्दर होने से भी सारा कवित्त अच्छा लगने लगता है, पर गद्य में यह बात नहीं है। गद्य तो सर्वांगसुन्दर हो तभी अच्छा होता है, उसमें एक अंश भी गड़बड़ हो तो गद्य अपने लेखक की बुद्धि का परिचय दे देता है। फिर पद्य में तो छन्द के कारण स्वच्छन्द शब्दों का विन्यास नहीं हो सकता, क्योंकि उतने ही लघु गुरु के नियम से कसे हुए शब्द चाहिये। पर यह बात गद्य में नहीं, गद्य में यदि यथोचित शब्द का प्रयोग न किया जाय तो यह कहने को जगह नहीं रहती कि क्या करें छन्द के परवश हैं। और पद्य का छन्द हो तो अपनी कल्पना का आकार भी कूट पीट के छोटा ही करना पड़ता है और आँख के आने विशेष उक्ति रहते भी थोड़े ही में विषय समाप्त करना पड़ता है। यह अण्डस गद्य में नहीं है; गद्य में तो जितनी बात हृदय में आवे, उसे बिना तोड़े मरोड़े यथास्थित प्रकाशित कर सकते हैं। इसीलिये गद्य में यदि किसी से सुन्दरता पूर्वक किसी विषय का प्रतिपादन न बने, तो वह यह भी नहीं कह सकता कि क्या करें छन्द ही पूरा हो गया!! और प्रायः पद्य में पदान्त के अनुप्रास (क़ाफ़िया रदीफ़) का बड़ा बखेड़ा रहता है, जिसके कारण कभी अप्रकृत शब्द का भी प्रयोग करके अपने स्वभाव–सुन्दर अभिप्राय में धक्का लगाना पड़ता है। और कभी २ भाषा में कुछ विकृति करके कितने ही नये शब्द बनाने पड़ते हैं; जिनसे तत्क्षण भी प्रसाद गुण नष्ट हो जाता है और भविष्यकाल के लिये अपभ्रंश शब्दों की

---

* गद्यकाव्यमीमांसा शीर्षक यह भूमिका पण्डित अम्बिकादत्त व्यास रचित गद्यकाव्यमीमांसा नामक पुस्तक के अंशों का क्रमबद्ध, व्यवस्थित और अविकल उद्धरण है। इस विषय की विशेष जानकारी के लिये उनकी कृति **गद्यकाव्यमीमांसा** द्रष्टव्य है।

नेंव पड़ती है। गद्य में यह वखेड़ा भी नहीं है। गद्यकर्त्ता यह भी नहीं कह सकता कि पदान्त के कारण हमारी कविता में माधुर्य घट गया। यहां तो कुछ भी मधुरता की घटी हो तो अपनी ही अज्ञता माननी पड़ेगी। जैसे चौपड़ हारने वाले अपनी भूल भी पासे के माथे मढ़ देते हैं, पर शतरंजवाले को तो अपनी भूल मानने छोड़ गति नहीं। वैसे ही पद्यकर्ता अपने अपाटव पर भी वहुत बात वना सकते हैं, परन्तु गद्यकर्त्ता को शरण नहीं। गद्य में दर्पण की भांति कवि की पूरी पूरी शक्ति प्रतिफलित होती है। इन्हीं कारणों से "गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति" यह पुरानी कहावत चली आती है।

इन दिनों समस्त वङ्गाल तथा पश्चिमोत्तर देश में और किञ्चित् पञ्जाव, राजपुताना, सिन्धु, मालवा, मध्यप्रदेश, उत्कल देश तथा गुजरात में प्रायः गद्यकाव्य (Novel) को उपन्यास कहते हैं। परन्तु यदि पहले यही ढूँढ़ें कि यह उपन्यास संज्ञा प्राचीन ग्रन्थ में कहीं है कि नहीं तो वड़ा वखेड़ा निकल पड़ता है और जिस अर्थ में आजकल यह शब्द वोला जाता है उस अर्थ में इसका प्रयोग प्राचीन ग्रन्थों में नहीं ही मिलता।

अमरसिंह ने तो जगन्मान्य अमरकोष में उपन्यासस्तु वाङ्मुखम् इतना ही लिखा है। अर्थात् किसी वात का उपक्रम करना ही उपन्यास कहलाता है। इससे उपन्यास काव्य नहीं सिद्ध होता।

* महापात्र श्रीविश्वनाथ कविराज ने अपने साहित्यदर्पण में भाणिका-निरूपण के समय कहा है कि भाणिका में सात अङ्ग चाहिये उनी अङ्गों में एक अङ्ग का नाम उपन्यास भी कहा है। जैसे साहित्यदर्पण ६ परिच्छेद—

"भाणिका श्लक्ष्णनेपथ्या मुखनिर्वहणान्विता।
कौशिकीभारतीवृत्तियुक्तैकाङ्गविनिर्मिता॥
उदात्तनायिकामन्दपुरुषाऽत्राङ्गसप्तकम्।
उपन्यासोऽथ विन्यासो विबोधः साध्वसं तथा॥

---

* सुना है कि इनको शाही दरवार से आलीजाह खिताव मिला था उसी का यह महापात्र पद अनुवाद है (वे सान्धिविग्रहिक भी कहलाते थे)

समर्पणं निवृत्तिश्च संहारा इति सप्तमः।
उपन्यासः प्रसङ्गेन भवेत् कार्यस्य कीर्तनम् ॥
निर्वेदवाक्यव्युत्पत्तिर्विन्यास इति संस्मृतः।
भ्रान्तिनाशो विबोधः स्यान्मिथ्याख्यातं तु साध्वसम् ॥
सोपालम्भवचःकोपपीडयेह समर्पमम्।
निदर्शनस्योपन्यासो निवृत्तिरिति कथ्यते ॥
संहार इति च प्राहुर्यत् स्यात् कार्यसमापनम् ॥"

यहाँ इन्होंने इतना ही कहा कि किसी प्रसङ्ग से किसी कार्य का कीर्तन प्रथम अङ्क में होना चाहिये, और इसकी उपन्यास संज्ञा है। वस्तुतः तो यहाँ ग्रन्थकार दृश्यकाव्य का निरूपण कर रहे हैं, और उसके एक अंग को उपन्यास कहते हैं। यहाँ श्रव्य और तिसमें भी गद्य-श्रव्य की तो कोई चर्चा ही नहीं है। इतने ही पर कोई कह उठै कि उपन्यास (Novel) का निरूपण मिल गया, तो यह केवल वाल-लीला समझी जायगी।

और भी यदि कहीं उपन्यास पद मिलता है, तो गद्यकाव्य के प्रकरण में नहीं मिलता। परन्तु इन दिनों लाखों पुरुषों के आगे किसी कारण से उपन्यास पद गद्यकाव्य में रूढ़ हो गया है इसलिये उनके संकेत ग्रह को तोड़ उनके सतत अभ्यस्त उपन्यास प्रयोग को हटा कोई दूसरा शब्द कहवाना यह भी व्यर्थ ही का टण्टा विदित होता है। इस कारण भले ही प्राचीन समय में उपन्यास पद गद्यकाव्यवाचक न मिले तो भी अब यह शब्द ऐसा ही हो गया है। इसीलिये शब्द छोड़ के उपन्यास पद का अर्थ गद्यकाव्य मान के उसके लक्षण और भेदों ही का विचार किया जाता है।

जहाँ तक हो सकै अपनी ही ओर से थोड़ा बहुत यत्न करना स्वधर्म समझ कुछ अपनी ही कल्पनानुसार गद्यकाव्यों के लक्षण तथा भेद दिखलाये जाते हैं। आशा है कि अपक्षपात समालोचक महोदय इस विषय की च्युतियों का संशोधन करेंगे तो कालान्तर में यह विषय पूरा हो जायगा।

जितने भेद हमें दिखाने हैं उन सबके उदाहरण तो अभी देखने में नहीं आते, परन्तु उत्साही कविगण यत्न करेंगे तो भविष्यत् काल में सबके

उदाहरण मिल सकेंगे। हम इस विषय को प्रगट करना भी उचित समझते हैं कि हमारे मित्र प्रसिद्ध उपन्यास लेखक बाबू देवकीनन्दनजी ने स्वीकार किया है कि हम इसकी उदाहरण श्रेणी बनाने में हाथ डालेंगे; यदि भगवदनुग्रह से उनके हाथ से अथवा उनके और अपर सुलेखकों के हाथ से यह उपन्यासश्रेणी परिष्कृत हुई, तो कदाचित् वह दिन भी आवै कि आरम्भ में मेरा यह व्याख्यान और आगे वह उपन्यासावलि मिला के एक ग्रन्थ छपै और वह उदाहरण गद्यकाव्यमीमांसा के नाम से प्रसिद्ध हो। और यह भी आशा है कि काशीस्थ नागरीप्रचारिणी सभा इस कार्य को भी अपना कर्तव्य समझेगी।

गद्यकाव्यमीमांसासिद्धान्त

छात्रों के स्मरण रखने के सुभीते के लिये इस विषय की कारिका भी श्लोकबद्ध कर दी है। भाषा भावार्थ सहित वे ये हैं:

कारिका

लोकोत्तरानन्ददाता प्रबन्धः काव्यनामभाक्।
दृश्यं श्रव्यमिति द्वेधा तत् काव्यं परिकीर्तितम्॥ १॥
गद्यं पद्यं तथा गद्यपद्यं श्रव्यमिति त्रिधा।
सन्दर्भग्रन्थभेदेन प्रत्येकं तद् द्विधा भवेत्॥ २॥
अल्पः सन्दर्भ इत्युक्तः पत्रं वाऽपि स्तवो यथा।
ग्रन्थस्तु बृहदाकारो लोके पुस्तकनामभाक्॥ ३॥
गद्यैर्विद्योतितं यत् स्याद् गद्यकाव्यं तदीरितम्।
ग्रन्थरूपं तदेवाऽत्र श्रव्यं किञ्चिन्निरूप्यते॥ ४॥
उपन्यासपदेनाऽपि तदेव परिकथ्यते।
यथा कादम्बरी यद्वा शिवराजजयो मम॥ ५॥

भावार्थ

श्रवण अथवा [१]दर्शन से [२]लोकोत्तर आनन्द दे देनेवाले प्रबन्ध को काव्य कहते हैं। वह दो प्रकार का है दृश्य और श्रव्य (इन दिनों कितने ही अभिनय उपन्यासों पर किये जाते हैं, तथा तुलसीकृत रामायण पर रामलीला, सूरदासजी के भजनों पर कृष्णलीला की जाती है। इसलिये वे ग्रन्थ दृश्यश्रव्योभय कहे जा सकते हैं पर वस्तुतः वे श्रव्य ही हैं क्योंकि दृश्यांश तो अभिनेता लोग अपनी ओर से बाँधते हैं और श्रव्यांश उनका लेते हैं। अतः वे ग्रन्थ उस अभिनय में सहायक मात्र समझे जाते हैं। इसलिये 'दृश्यत्वेनोपनिबद्धत्वं दृश्यत्वम्' दृश्य के तात्पर्य्य से जो बाँधा जाय उसी को दृश्य समझना) ॥ १ ॥ तहाँ श्रव्य के तीन भेद हैं १. गद्य, २. पद्य और ३. गद्य-पद्य। (हमारी दृष्टि में ये ही तीन भेद दृश्य के भी हो सकते हैं, गद्यरूपक : जैसे उर्दू में सितमगर, पद्यरूपक : जैसे अंगरेजी में शेक्सपीयर के नाटक और गद्यपद्य शकुन्तलादि हैं पर विस्तार भय से वह प्रकरण यहाँ नहीं छेड़ते हैं)। वे प्रत्येक दो-दो प्रकार के हैं : १. सन्दर्भ और २. ग्रन्थ ॥२॥ जो छोटा हो उसे 'सन्दर्भ' कहते हैं। जैसे काव्य लक्षणाक्रान्त पत्र, स्तव, अभिनन्दन पत्र, सूचना, वर्णना, समस्यापूर्त्ति आदि। वड़ा हो तो ग्रन्थ, जिसे पुस्तक कहते हैं ॥ ३ ॥ जो गद्यों से ही शोभित हो उसे गद्य काव्य कहते हैं। यहाँ श्रव्य ग्रन्थ-रूप गद्य-काव्य का विचार किया जाता है ॥ ४ ॥ इसी गद्यकाव्य को उपन्यास कहते हैं। जैसे कादम्बरी अथवा मेरा रचित शिवराजविजय इत्यादि ॥ ५ ॥

---

१. दृश्य में भी श्रवणानन्द तो रहता ही है, परन्तु दृश्यता प्रधान होने ही से वह दृश्यकाव्य कहलाता है ॥

२. काव्यश्रवण छोड़ और रीति से न होना ही प्रधान लोकोत्तरत्व है। अतएव "आपको पुत्र हुआ" यह सुनके लोकोत्तर आनन्द नहीं समझा जाता; क्योंकि वह तो वाक्य श्रवण पर निर्भर नहीं हैं। किसी रीत से भी पुत्र हुआ इस ज्ञान होने से जो आनन्द होता है सो हुआ और "हों कसिकै रिस कों करों ये निरखें हँसि देत" यह अलौकिक है। (विस्तर रसगङ्गाधर में)।

इस गद्यकाव्य में साधारणतः ये बात होनी चाहियें :

कारिका

"नैवाऽत्र पद्यरचना दैवाद् वा क्वाऽपि लभ्यते ।
लोकोक्तिच्छद्मनाऽन्योक्तिव्याजेनाऽपि निबद्ध्यते ।। ६ ।।
यत्र पात्रेण पठ्येत कथनीयमपेक्षितम् ।
तत्रैव पद्यवत्ता स्यात् स्वभावोक्तिपराऽमला ।। ७ ।।
छन्दांसि स्युर्लघीयांसि गद्यसादृश्यभाञ्जि च ।
छन्दःसत्त्वेऽपि न कवेरुक्तौ छन्दः प्रयुज्यते ।। ८ ।।
गद्यस्य च प्रधानत्वादक्षता गद्यकाव्यता ।
मङ्गलाचरणं वाऽपि स्वकुलादिनिरूपणम् ।। ९ ।।
प्रभोर्वा निजसम्मानकारकस्य प्रशंसनम् ।
प्रसङ्गोपात्तमन्यद् वा श्लोकैश्चेद् विनिबद्ध्यते ।।१०।।
ग्रन्थस्याऽऽदौ तथाऽन्ते वा न तच्चम्पूत्वसाधकम् ।
ईदृक्षोऽयं यतो लेखो न काव्यघटको भवेत् ।।११।।
किन्तु काव्योपकर्तत्वात् कविभिर्विनिबद्ध्यते ।
साधनं वा बाधनं वा न क्वाऽप्येतेन जायते ।।१२।।
उपोद्घातोपसंहारौ गद्येनाऽपि कृतौ वरौ ।
तयोस्तु सत्त्वेऽसत्त्वेऽपि काव्ये स्यात् काव्यताऽक्षता ।।१३।।

भावार्थ

उपन्यास में पद्य तो होने ही न चाहिये । यदि हों तो कहाउत में हों, अथवा अन्य कवि की उक्ति के वहाने से हों (यों प्रायः उच्छ्वासारम्भ में होते हैं; जैसे हर्ष चरित, औ शिवराजविजय में) ।। ६ ।। और जहाँ पात्र ही ने कोई बात पद्य ही में कही है और उसका पद्य ही में दिखलाना अधिक आनन्दजनक होता है (जैसे कादम्बरी में शुकोक्ति, शिवराजविजय में तानरङ्गोक्ति और महादेव शास्त्री की उक्ति) तो ऐसे स्थल में पद्य हो सकते हैं। पर इन पद्यों में स्वाभाविक उक्ति हो और प्रसाद गुण हो ।। ७ ।। ये छंद छोटे चाहिये । इन छंदों में भी कुछ

गद्य का सा आनन्द हो ।। (मात्रावृत्त, अथवा गुरुलघु के विशेष नियम रहित अनुष्टुप् कवित्त आदि अथवा अन्त्यानुप्रास के आग्रह से रहित कविता Blank-Verse. गद्य का सा आनन्द देती है इसमें अनुभवी पुरुषों के हृदय ही प्रमाण हैं) यों छंद रहते भी कवि की उक्ति में छंद न हुआ ।। ८ ।। और गद्य ही प्रधान रहा इसलिये गद्यकाव्यता में त्रुटि नहीं ।। मङ्गलाचरण, अथवा अपने कुल आदि का निरूपण—।। ९ ।। अथवा अपने सत्कार करने वाले राजा आदि का वर्णन अथवा और भी कुछ प्रसङ्गानुसार श्लोकों से बांधा जाय—।।१०।। ग्रंथ के आदि में अथवा अन्त में, तो इससे यह[३] चम्पू नहीं कहला सकता, क्योंकि वह लेख तो इस काव्य का अवयव नहीं होता ।। ११ ।। परन्तु यह काव्य का उपकारी समझ कवियों द्वारा बाँधा जाता है । न तो इससे इस काव्यता का साधन है, और न काव्यता का बाधन है ।। १२ ।। जो श्लोक से कहना कहा है वही भूमिका और उपसंहार गद्य से करें तो भी अच्छा है । पर ये रहें चाहे न रहें काव्य की काव्यता में हानि नहीं ।। १३ ।।

अब उपन्यास में क्या होने से उत्तमता होती है और क्या होने से निकृष्टता होती है सो दिखलाते हैं :

कारिका

चरितं मञ्जुलं ग्राह्यं तथानल्पैश्च कल्पनैः ।
कर्त्तव्यं मञ्जुलतरं वक्तव्यं कोमलाक्षरैः ।। १४ ।।
वर्णनं देशकालादेः स्वभावस्य प्रधानतः ।
परस्परमथाऽऽलापे स्वभावोक्तिः प्रशस्यते ।। १५ ।।
उत्कण्ठावर्द्धको हृद्यः सान्तरो वासनान्तरैः ।
प्रबन्धोऽत्र प्रबद्धश्चेत् सरलः शस्यते जनैः ।। १६ ।।
शब्दजालप्रधानं यद् दूरान्वयसमन्वितम् ।
अत्यन्तवर्णनं वापि स्वभावोक्तिविवर्जितम् ।। १७ ।।

---

३. जिस काव्य में गद्य पद्य दोनों हों उसे चम्पू कहते हैं ।।

उत्साहोच्छेदकं यच्च कथादौर्बल्यकारकम् ।
बाहुल्यं रूपकोत्प्रेक्षादीनां न गुणिनां मतम् ॥ १८ ॥
कथाच्छेदो भवेद् यत्र परिच्छेदोऽत्र कल्प्यते ।
परिच्छेदोच्छ्वासभागविरामादिकसंज्ञकः ॥ १९ ॥
स मा भूद् वा भवेद् वापि विच्छित्तिः समपेक्षिता ।
भागे वाऽपि प्रभागः स्यात् कवीनां किमशोभनम्? ॥ २० ॥
तथा प्रतिव्यवच्छेदामारम्भे तु सुपद्यकैः ।
नैजैः परकृतेर्वाऽपि पूर्णैर्वा किञ्चिदुध्दृतैः ॥ २१ ॥
अन्यापदेशेन यदि क्रियेतार्ऽथस्य सूचनम् ।
सहृदां हृदये तच्चाऽऽनन्दसन्दोहदं भवेत् ॥ २२ ॥
भागारम्भे वर्णना स्यात् भागान्ते चाऽद्भुतादिकम् ।
मध्ये प्रधानो विषयः शुभो माधुर्यगुम्फितः ॥ २३ ॥
एकभागे नैव कुर्यात् भिन्नर्तुद्वयवर्णनम् ।
निष्कारणं चैकपात्रे भावभेदोऽपि नोचितः ॥ २४ ॥

भावार्थ

उपन्यास बाँधनेवाले को चाहिये कि पहले तो कहानी उत्तम चुनै और फिर उसमें और भी नाना पात्र और घटनाओं की कल्पना करके उसे अधिक मनोहर करे। और कहनूत में कोमल अक्षरों से कहै ॥१४॥ देशकाल, (अवस्था, घटना) आदि के वर्णन में स्वभाव-सिद्ध वर्णन करे। अस्वाभाविक बहुत ऊटपटांग न हाँके और आपस की बातचीत में स्वभावोक्ति का अधिक ध्यान रक्खे। अर्थात् पात्रों का जैसा जैसा स्वभाव (सच्चा, झूठा, चञ्चल, गम्भीर, सज्जन, दुष्ट आदि) बाँधा है, जैसा वय आदि के अनुसार प्राप्त है, और जैसा उस घटना पर हो सकता है, उसी के अनुसार आलाप करावे, उसके विरुद्ध न होने पावे ॥ १५ ॥ प्रबन्ध ऐसा होना उत्तम है कि बराबर उत्कण्ठा बढ़ती ही चली जाय, हृदय उसमें डूबता ही जाय, और एक घटना हो रही है कि दूसरी का आभास आ गया, एक रस में बीच में किञ्चित् दूसरे रस का प्रकाश हो गया, यों एक में दूसरे की वासना होती

जाय, और प्रसादगुण विशिष्ट हो तो गुणी लोग उसकी प्रशंसा करते हैं ॥ १६ ॥ और जिस प्रवन्ध में शब्दों का जाल ही प्रधान रहता है, अर्थात् जग प्रसिद्ध वसन्तादिवर्णन, सन्ध्यादिवर्णन ही में श्लेषरूपकानुप्रासादि की भरती रहती है, और अन्वय दूर दूर रहता है, अथवा किसी पदार्थ का अत्यन्त ही वर्णन रहता है, (जिसे पढ़ते जी उबिया जावे) स्वभावोक्ति नहीं रहती है ॥ १७ ॥ ऐसा प्रकरण होता है, जिसमें पढ़नेवाले का पढ़ने का उत्साह न रहे, अथवा अपर लेखों के कारण प्रधान कथा दुर्वल हो जाय*, अथवा रूपक उत्प्रेक्षादिका वहुत ही आधिक्य हो, तो गुणी लोग उसको उत्तम नहीं समझते। (ऐसे लेखक को गुणी लोग यही समझेंगे कि जैसे ठुमरीवाला साहस करके ध्रुवपद गाने लगे और ठुमरी ही की तानें लगावे, वैसे इसको अलङ्कार और खण्डकाव्यादि में अच्छा अभ्यास है, उसी अभिमान से यह अताई वन उपन्यास वनाने वैठ गया है) ॥१८॥ जहाँ एक कथा का विच्छेद हो (एक प्रकरण छोड़ आगे कोई दूसरा प्रकरण उठाना हो) वहाँ परिच्छेद की कल्पना की जा सकती है, इसका नाम परिच्छेद, उच्छ्वास भाग, विराम (निःश्वास, प्रश्वास) इत्यादि रक्खा जा सकता है ॥ १९ ॥ यह परिच्छेद कल्पना हो अथवा न हो चमत्कार रहना चाहिये। और एक भाग में और भी प्रभाग किये जाँय, तो कवियों के लिये अशोभित क्या है (यदि ऐसी कल्पना ही में ग्रन्थकार को विच्छित्ति जान पड़े तो ऐसी कल्पना भी करैं जैसे शिवराजविजय में विरामसंज्ञक तीन भाग हैं और प्रत्येक विराम में चार-चार निःश्वास हैं) ॥ २० ॥ और यदि इन परिच्छेदों के आरम्भ में अपने बनाये अथवा दूसरे के पूरे अथवा किञ्चित् पद्य ॥ २१ ॥ कहे जाँय और अन्योक्ति की भाँति उनके द्वारा उस भाग के विषय की निगूढ़ सूचना दी जाय तो सहृदय के हृदय को आनन्दजनक होता है जैसे हर्षचरित, शिवराजविजय इत्यादि ॥२२॥ इन भाग परिच्छेदादि के आरम्भ में देशकालादि का वर्णन, भाग के अन्त में अद्भुतादि और मध्य में प्रधान विषय माधुर्यमय रक्खा जाय तो अच्छा होता है (यह केवल दिग्दर्शन है कवि और रीति से भी उत्तम समझे तो वाँधे) ॥२३॥

---

* जैसे वासवदत्ता में समुद्रसेनादि के वर्णन से वासवदत्ता संयोग की प्रधानकथा दुर्वल हो गई।

एक परिच्छेद में भिन्न (दूरस्थ) दो ऋतुओं का वर्णन न करे और निष्कारण एक पात्र के स्वभाव में भी भेद न दिखलाये ॥ २४ ॥

साहित्य में अन्धपरम्परा आदरणीय नहीं है, किन्तु पूर्व की आलोचना करके यदि स्वानुभव द्वारा और भी उन्नत तथा उदार बात निकल सकै तो निकालना, जैसे विक्रमाङ्कचरित १ म सर्ग—

प्रौढिप्रकर्षेण पुराणरीति-व्यतिक्रमः श्लाघ्यतमः कवीनाम् ।
अत्युन्नतिस्फोटितकञ्चुकानि, वन्द्यानि कान्ताकुचमण्डलानि ॥

और यह श्लोक भी जगत्प्रसिद्ध है :

पुराणमित्येव न साधु सर्वं, न चापि सर्वं नवमित्यवद्यम् ।
सन्तः परीक्ष्याऽन्यतरद् भजन्ते मूढः परप्रत्ययनेयदृष्टिः ॥

प्राचीन गद्यकाव्य के लक्षण और विभाग से सन्तोष नहीं हुआ, अतएव जो मुझे सूझा निष्पक्षपात हो के लिखा है। मेरे सहयोगी महानुभावों से बार-बार यह प्रार्थना है कि इसे केवल एक प्रकार का ढड्डा समझें और इसके अवलोकन से कोई इससे रह गई बात जान पड़े अथवा इस विषय में कोई ऊनता विदित हो तो उसे भी सोच जोड़ के बढ़ा के स्वकीय लेख प्रकाशित करें, जिसमें गद्य-काव्य विषय पूरा हो। और यदि यही लेख अच्छा समझें तो इसी पर स्वसम्मति प्रकाश करैं।

प्रधानसंस्कृताध्यापक
गवर्नमेण्टस्कूल
छपरा

साहित्य के रसज्ञों का अनुगत—
अम्बिकादत्त व्यास
काशीवासी

॥ श्रीः ॥

निर्माणहेतुः

"गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति"

श्लोक एकस्याऽप्यंशस्य चमत्कार-विशेषाधायकत्वे सर्वोऽपि श्लोकः प्रशस्यते, न च पद्ये तथा सुलभं सौष्ठवम्; गद्ये तु सर्वाङ्गीण–सौन्दर्य-मुपलभ्येत चेत्, तदैव तत् प्रशंसा-भाजनं भवेद् भव्यानाम्। पद्ये छन्दःपारवश्यात् स्वच्छन्द-पद-प्रयोगो न भवतीत्यनिच्छताऽपि कविता-प्रसङ्ग-प्राप्तं स्वाभाविकं स्वल्पमपि वचनीयं क्वचिद् विस्तार्यते, क्वचिद् बह्वपि नियताक्षरैः संक्षिप्य क्षोदिष्ठं विधीयते, क्वचिच्च द्वित्र-स्वाभाविक–पद–प्रयोग–समापनीयान्यपि पारस्परिकालाप-संसक्त-प्राप्त-वाक्यानि जटिलीक्रियन्ते। गद्ये तु यदि किमपि तादृश-मस्वाभाविकं स्यात्, तत् कवेरेव निर्वक्ति महदवद्यम्, इत्यादि-कारणैः पद्यापेक्षया गद्यमेव महामान्यं भवति, भवति च दुष्करमपि गद्यकाव्यमेव। अत एव शुद्ध-पद्यात्मकेषु बहुषु महाकाव्येष्वपि खण्ड-काव्येष्वपि च प्राप्येष्वपि गद्यपद्यात्मकेषु चम्पू-नाटकादिषु चाऽनेके-षूपलभ्यमानेष्वपि, शुद्ध-गद्य-काव्यानि तथा नाऽऽसाद्यन्ते। अस्माकं महामान्या धन्याः सुबन्धु-बाण-दण्डिनो महाकवयो ये वासवदत्ता-कादम्बरी-दशकुमारचरितानि सुधामधुराणि सदा सदनुभव्यानि गद्यकाव्यानि विरचय्य भारतवर्षं सबहु-प्रमोद-वर्षं व्यधिषत; येषां चोक्ति-पर्य्यालोचन-प्राप्त-पर्याप्त-व्युत्पत्तयोऽसङ्ख्याश्छात्रा अद्याऽपि वर्तन्ते, वर्तिष्यन्ते च चिराय। पूर्वैर्भट्टार-हरिचन्द्र-प्रभृतिभिरेतै-

महाकविभिश्च प्रचारितोऽपि महाकाव्य-संचारो न चिराय स्थिति-मकलयत् । भारताभिजन-भाषाकविभिरपि च प्रायः पद्य-प्रकृतिकैरेव समभावि, इति जगत्प्रसिद्धैः सूरदास-प्रभृतिभिरपि पद्यान्येव निबद्धानि । साम्प्रतं तु समय-महिम्ना भारतीय-वर्तमान-भाषासु बहुधा गद्यकाव्यानि विरच्यन्ते । वङ्ग-गुर्जरादि-भाषासूपन्यासैरेव व्याप्ता विपणयः । हिन्दीभाषाऽपि च प्रत्यहमतिशयमासादयति गद्यसोपाने-ष्वेव पदाधाने । परं न केवलं प्राकृतिक-गिरां गुरवो गीर्वाणगिरि व्युत्पत्तिगरीयांस उपलभ्यन्ते, न वा कांश्चिद् धन्य-धन्यान् विहाय संस्कृत-व्युत्पन्ना एव, इतर-भाषानुरक्ता विशेषतोऽवलोक्यन्ते । अत एव भारताभिजन-भाषा-कवयः प्रायः स्वभ्रमान् साक्षात् संस्कृतसाहाय्येन बोधयितुं न पारयन्ति, न वा भाषाकविसमादृतान् नवान् नवान् मनोरमान् चमत्कारविशेषाधायकान् पथोऽनुसर्तुं संस्कृत-साहित्य-वैभवेषु च निधीन् वर्द्धयितुं संस्कृतज्ञा एव प्रायशः पारयन्ति । कदाचित् वृन्दारक-वृन्द-वाण्यां गद्यकाव्य-प्रचार-दौर्बल्यस्येदमेव प्रधानं कारणं स्यात् । महदिदमुपहासास्पदं विडम्बनं यत् मण्डूक इव महापारावारपारमासादयितुं यतमानस्तादृशं कवि-कौशल-निकषायितं गद्य-काव्यं मादृक्षः क्षोदीयान् जनो रिरचयिषुः संवृत्त इति । काव्यमिदं मा स्म भूत् तादृगभाव-विघट्टकम्, मा स्म वा पुषत् कस्यापि मोद-विशेषम्; परं मया तु सनातनधर्म धूर्वह-शिवराज-वर्णनेन रसना पवित्रितैव, प्रसङ्गतः सदुपदेश-निर्देशैः स्व-ब्राह्मण्यं सफलितमेव, ऐतिहासिक-काव्यरुचीनि स्वमित्राणि रञ्जितान्येव, चिरमस्मत्पूर्वजैः पराशर-पाराशरादिभिरुपासिता संस्कृतभाषा सेवितैव, चक्षुषी निमील्य सविशेषं साक्षात्कृता पीयूष-पूर-पूर्णैरिव दृक्पातरुज्जीवयन्ती पारिजात-

कुसुम-वर्षिभिरिव वचनैरुपदिशन्ती जननी सरस्वती समाराधितैव, सद्यःपरनिर्वृतिश्च समासादितैव। भवभूतिजगन्नाथादीनां राज-मान्यानां कवि-मण्डल-चक्रवर्तिनां तु द्वेषविशेषैर्वा स्वग्रन्थमार्मिक-जनालाभेन वा कारणान्तर-कलापैर्वा महानेव शोक-सङ्घात आसीत् "कोऽस्मद्ग्रन्थानवलोकयिष्यति ? को वाऽस्माकं गूढ़तात्पर्यं भोत्स्यति ?" इति चिन्ता-सन्तान-वितान-झञ्झावातोद्धूतसंशयघन-घनाडम्बर एव तथा समरौत्सीद् हृदयाकाशम् ; यथा ध्रुवं सद्यःपरनि-र्वृतिरूप-चन्द्रिका-प्रसारेणाऽपि न रञ्जितमेव तदन्तःकरणकुमुद-वनम्।

तथा च तैरेवोक्तम्—

"ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां
जानन्ति ते किमपि तान् प्रति नैष यत्नः।
उत्पत्स्यतेऽस्ति मम कोऽपि समानधर्मा
कालो ह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी॥"

"विद्वांसो वसुधातले परवचःश्लाघासु वाचंयमा
भूपालाः कमलाविलासमदिरोन्मीलन्मदाघूर्णिताः।
आस्ये धास्यति कस्य लास्यमधुना धन्यस्य कामालस-
स्वर्वामाधर-माधुरीं विधुरयन् वाचां विलासो मम॥"

अहं तु तादृक्षाणां महाकवीनां चरण-रजो-विमर्श-भाजनमपि तदपेक्षयाऽधिकं भाग्यवत्तरोऽस्मीति निश्चिनोमि, यतो मद्ग्रन्थ-मार्मिकस्तु मिथिला-मही-महेन्द्रः, भारत-साम्राज्य-व्यवस्थापक-समाज-संजीवनः, महामान्यः, वदान्यः, धन्य-धन्यः, विविध-विरुदावली-विराजमानः, राजमानोन्नतः, नतोन्नतिदायकः, महाराजश्री-

रमेश्वरसिंहवीरवर एवास्ति । माद्यन्ति च परश्शता वाराणस्यादि-पण्डित-मण्डल-मण्डना रसास्वादानुकूल-वासना-वासितान्तःकरणा विबुधजनाः ।

सोऽयं स्वलेखनी-कण्डूमुपशमयितुं लिखितः लेखप्रकाण्डो यदि केषाञ्चित् पण्डित-प्रकाण्डानां कर्ण-कण्डूं खण्डयेत्; तत् कृतकृत्यः संवर्त्तेय । ये तु पुरोभागिनो निगीर्यापि प्रबन्धममुं तुण्ड-मुण्ड-गण्ड-कण्डूयनैः, ताण्डव-करण्डीकृत-भ्रूभङ्गैश्चाऽस्मानास्माकांश्च हास-यष्यन्ति; तेऽप्यसङ्ख्य-प्रणति-पात्राण्येवाऽस्माकम् । ये तु जोषं जोषमालोक्याऽपि काव्यानि, समासाद्याऽपि च तोषम्, सरोषमुज्जृम्भिताभिर्जाठरज्वालाभिरेव तं जारयन्ति; जारयन्ति ते ग्राव्णोऽपि लौहमपि विषमपि दाधीचास्थीन्यपि चेति विलक्षण-कुक्षयस्ते न कस्य नमस्याः ?

अम्बिकादत्तव्यासः

॥ श्रीः ॥

महाकविश्रीमदम्बिकादत्तव्यासविरचितः

शिवराजविजयः

द्वितीयो विरामः

"वयं नो ते विप्राः प्रतिदिवसमासाद्य कृपणान्,
धनं ये याचन्ते प्रतिगणित-नक्षत्र-तिथयः"

—जगन्नाथपण्डितराजः

शिवराज-विजय-वैजयन्ती

वागीश्वर्यै नमः

मनोजमदमन्थने प्रमदमादधानो भवः
स्वयं भवति विष्टरो विनत एव यस्याः कृते ।
समर्चित-पदद्वया त्रिदश-मण्डली-मण्डनै-
स्तमालदल-भासुरा भवतु काऽपि वुद्धिप्रदा ॥

पञ्चमे निश्वासे हिन्दू-धर्म-ध्वंस-विध्वंसन-पटुना शिववीरेण साकं महाकवे-र्भूषणस्य सम्वन्धं विवर्णयिषुरुपक्षिपति पण्डितराजोक्तिम्—वयं नो ते विप्रा इति ।

शिवराज-विजय का हिन्दी अनुवाद

ज्ञानप्रतीकशुभपुस्तकवामहस्ता
वीणागुणक्वणनरञ्जितसर्वलोका ।
मन्मानसाच्छमुकुरार्पितविग्रहा सा
देवी स्मृता स्पृशतु मां स्वकृपाकटाक्षैः ॥

"हम तिथि-नक्षत्रादि गिनने वाले उन ब्राह्मणों में नहीं हैं जो प्रतिदिन कञ्जूसों के पास जाकर उनसे धन माँगते हैं।"

——पण्डितराज जगन्नाथ

"हरेरद्य द्वारे शिव ! शिव ! शिवानां कलकलः"

—जगन्नाथपण्डितराजः

इतस्तु दृश्यतां किं भवति पुण्यनगर इति। जाल्म–यवनाखेट-व्यसनिनः शिववीरस्य शनैः शनैर्दिल्लीश्वरेणापि सह वैरं ववृधे। दिल्लीश्वरस्तु शास्तिखान–नामानं कञ्चिद् यवन–वीरं प्रेष्य पुण्य-नगरं तद्धस्तादाचिच्छिदे। सम्प्रति हि पुण्यनगरे शिववीराध्युषि-तचरे महाप्रासादे सपरिवारः शास्तिखानः प्रतिवसति। आसन्ने

यद्यपि तदात्वे वहवो ब्राह्मणब्रुवा धर्माधर्मविवेकविधुरास्तात्कालिकावस्थिति-मात्रदृष्टयोऽप्यभवन्, तथापि तेषामेव ब्राह्मणानां विशिष्टा संख्याऽऽसीद् ये जीविका-निर्वाह-प्रकारेऽदत्तदृष्टयस्त्यागिनो धर्म-रक्षण-मात्र-व्रता इति सूचयति पद्यखण्डेना-नेन। वक्ता चास्य दिल्लीवल्लभ-पाणि पल्लवतले नवीनस्य वयसो यापक इति परमं वैशिष्ट्यम्। अपरा चात्र कथाऽऽगमिष्यति शिववीरहस्ताद् "शास्तिखान"–द्वारा दिल्लीवल्लभेन स्वायत्तीकृतस्य पुण्यनगरस्य, तच्च सिंहपराक्रमस्य शिव-वीरस्य द्वारि शृगालसञ्चरणान्नातिरिच्यते यवनहतकसंचरणमिति समुपक्षिपति द्वितीयेन तदीयेनैव पद्यखण्डेन–हरेरद्येति। शिवानाम् = शृगाल-शृगालीनाम्। "पुमान् स्त्रिया" इत्येकशेषः। जाल्मानाम् = असमीक्ष्यकारिणाम्, यवनानाम्, आखे-टस्य व्यसनिनः। ववृधे = एधामास। तद्धस्तात् = शिववीरकरात्। आचि-च्छिदे = प्रसह्य जग्राह। स्वायत्तीचकारेति यावत्। "छीन लिये" इति हिन्दी। "छिदिर् द्वैधीकरणे" इत्यस्य लिटि रूपम्। अध्युषितं भूतपूर्वमध्युषितचरम्,

---

"शिव ! शिव ! आज सिंह के दरवाजे पर गीदड़ कोलाहल कर रहे हैं।'

——पण्डितराज जगन्नाथ

इधर देखिये पूना नगर में क्या हो रहा है। जालिम यवनों का शिकार खेलने के शौकीन महाराज शिवाजी का, धीरे-धीरे दिल्ली सम्राट् औरंगजेब के साथ भी वैर बढ़ गया। औरंगजेब ने शाइस्ता खाँ नामक किसी यवन वीर को भेजकर शिवाजी के हाथ से पूना नगर छीन लिया। इस समय पूना नगर के उस राजमहल में जहाँ पहले महाराज शिवाजी रहा करते थे, सपरिवार शाइस्ता खाँ

सिंहदुर्गे च ससेनः शिववीरो विराजते। परस्परं च च्छलाशङ्का युद्धाशङ्काश्च जरीजृम्भन्ते।

अथैकदा रजन्यां सिंहदुर्गाविदूर एव सुकोमल–शादायां कलित-प्रसादायां केकि–केका–विहित–प्रहरि–प्रातिनिध्यायां भुवि, निष्कृप-कृपाण–पाणिः, कञ्चुकाच्छादित–कठिन–कवचः, कलित–सैनिक-भट–वेषः श्रीशिववीरो गुप्तवेषेण परितः पर्य्यटन्, दुग्ध-धारयेव क्षालितैर्ज्योत्स्नया प्रकाशितैः पथिभिरासन्नात् शिवमन्दिरादारा-

---

"भूतपूर्वे चरडि" ति चरट्। शिववीरेणाध्युषितचरम् तस्मिन्निति विग्रहः। छला-शङ्काः = चौर्यातङ्काः। जरीजृम्भन्ते = मुखं व्यादायेव वृद्धिमतिशयेन गच्छन्ति। "जृभी गात्रविनाम्" इत्यस्य यङ्लुकि रूपम्। सुकोमलाः शादाः = हरिततृणानि यस्यां तस्याम्। "शादो जम्बालशष्पयोरि"त्यमरः। कलितः = सम्पन्नः, प्रसादः= नैर्मल्यं यया तस्याम्। केकिकेकाभिः = मयूरवाणीभिः, "केकावाणी मयूरस्ये" त्यमरः। विहितम् = सम्पादितम्, प्रहरिणाम् = यामिकानाम्, प्रातिनिध्यम्= प्रतिनिधिकर्म यस्यां तस्याम्। "गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः कर्मणीति" ष्यञ्। भुवो विशेषणानि त्रीणि। शिववीरं विशिनष्टि—निष्कृपः = कृपाशून्यः, कृपाणः पाणौ यस्य सः। कञ्चुकेन = चोलकेन, आच्छादितः = प्रावृतः, कठिनः = दृढः, कवचः = तनुत्रं, यस्य सः। कलितः सैनिकभटस्य वेषः = नेपथ्यं येन सः। "सेनारक्षास्तु सैनिका" इत्यमरः, "सेनायां समवेता ये सैन्यास्ते सैनिकाश्च त" इति चामरः, "रक्षति" इति ठक्। जोत्स्नया = कौमुद्या। प्रकाशितैः = प्रद्योतितैः।

रह रहा है। समीप में ही स्थित सिंहगढ़ में अपनी सेना के साथ महाराज शिवाजी रह रहे हैं। शाइस्ता खाँ और शिवाजी में परस्पर छल और युद्ध की आशङ्काएँ बढ़ती जा रही हैं।

एक दिन रात में सिंहगढ़ से थोड़ी ही दूर पर सुकोमल हरी-हरी घास वाली निर्मल भूमि पर—जहाँ मयूर मानों बीच-बीच में बोल कर पहरा दे रहे थे—हाथ में निर्दय कृपाण लिये, कञ्चुक के नीचे लौहकवच पहने, एक सैनिक के छद्मवेष में घूमते हुए महाराज शिवाजी, दूध की धारा से धुले हुए से लगने वाले, चन्द्रमा के प्रकाश से प्रकाशित मार्गों से समीपवर्ती शिवमन्दिर के पास पहुँचे। मन्दिर के

जगाम। तत्र च द्वारि रेणु–रूषित–रोम—कुहरम्, शफोत्फालित-मृत्स्ना-स्नातम्, त्वरितगति-श्वास-प्रश्वास-सहचरित-ह्णित्कार-सूचित-क्लमम्, उत्थायोत्थाय पृष्ठमुत्कम्प्य, ग्रीवामुद्धूय, पौनःपुन्येन पतित्वा, भुवि विलुण्ठन्तं कञ्चनाश्वमद्राक्षीत् 'कस्यायम्? कुतोऽयम्? इति मनसि विचिन्वंश्च समीपमागत्य, चुचुत्कारैरश्वं सान्त्वयन्तं हरित-तृण-भारं च पुरतः प्रक्षिपन्तं कमपि शूद्र-युवकमप्यवालोकयत्। तं च विवर्णवदनम्, आजानु–धूलि–धूसरित–चरण–युगलम्, मन्थरितशरीरम् स्वेद–क्लिन्नं चावलोक्य, "दूरतः कश्चन

उत्प्रेक्षते—दुग्धधारया = पयःप्रवाहेण। क्षालितैरिव = धौतैरिव "आराद् दूरसमीपयो"रित्यमरः, तद्योगे "अन्यारादि"ति पञ्चमी। तत्र च द्वारि कञ्चनाश्वमद्राक्षीदिति सम्बन्धः। अश्वं विशिनष्टि—रेणुभिः = धूलिभिः, रूषितानि = छुरितानि, रोम्णां कुहराणि = छिद्राणि, यस्य तम्। शफोत्फालितया = खुरोद्धूलितया, मृत्स्नया = प्रशस्तया मृदा, स्नातम् = अनुलिप्तम्। त्वरितगतीनाम् = शीघ्रगमनानाम्, श्वासप्रश्वासानाम्, सहचरितेन = सहवासिना, ह्णित्कारेण = हेषारवेण, सूचितः=प्रकटीकृतः, क्लमः = दूरमार्गानुधावनोत्थः श्रमो येन तम्। अश्वानां दीर्घश्वासप्रश्वासौ हेषासहितावेव भवतः। उत्थायेत्यादि भुवि विलुण्ठन्तमित्यन्तं स्वभावोक्तिः। उत्कम्प्य=कम्पयित्वा। विवर्णवदनम्= खिन्नाननम्। आजानु = जानुपर्यन्तम्, धूल्या = रजसा, धूसरितम् = मलिनम्,

---

द्वार पर उन्होंने धूल-धूसरित रोमकूप वाले किसी घोड़े को देखा, जिसका शरीर खुरों से उछलने वाली मिट्टी से लथपथ था। उसकी श्वास-प्रश्वास की गति तेज थी, साथ-ही-साथ वह हिनहिनाता भी था, जिससे प्रकट होता था कि वह थका है। वह उठता था, पीठ हिलाता था, गर्दन उठाता था और पुनः पृथ्वी पर गिर कर लोटने लगता था। उसे देख कर मन ही मन यह सोचते हुए कि "यह घोड़ा किसका है", "कहाँ से आया है" शिवाजी ने समीप आकर, चुमकार कर उस घोड़े को सान्त्वना दे रहे और उसके आगे हरी घास डाल रहे एक शूद्र युवक को भी देखा। उस शूद्र युवक का उतरा हुआ मुँह, घुटनों तक धूलधूसरित

समायातोऽस्ति, तद्भृत्य एवायम्'' इति निश्चित्य शनैरप्राक्षीत्-''कस्यायमश्वः ?'' इति। स तु स्वकार्य–संलग्नोऽन्यमनस्क एव, ''समायातः कोऽपि'' इत्युदतरत्। पुनरपि ''कुत आगता यूयम् ?'' इति पृच्छति शिववीरे च, ''किमिव निरर्थं प्रश्नानुट्टङ्कयसि, आलपितुमिच्छसि चेद् घटिका–युगलमतिवाह्य समायास्यसि, तथा पूरित–जठर–पिटकः, ताम्रक–धूमपानैर्गलनलं कवोष्णयन्, त्वया सह वार्त्ताभिरध्व-परिश्रममल्पयिष्यामि।'' तदाकर्ण्यान्तर्विहसन्निव शिववीरः ''तथा करिष्यावः, किन्तु कथय तावत्, कुत आगता यूयम् ?''—इति पुनरपृच्छत्। स तु घोटके दत्तदृष्टिरेव सकोपमवादीत्—''कुत आगता यूयम् ? कुत आगता यूयमिति कुतःकारैः स्फोटितौ मे कर्णौ, वयं

चरणयुगलं यस्य तम्। मन्थरितम् = स्थगितम्, शरीरम् = देहो यस्य तम्। स्वेदेन = श्रमजलेन, क्लिन्नम् = आर्द्रम्। शूद्रयुवकविशेषणानीमानि। अन्यमनस्क इव = विमना इव। प्रश्ने प्रश्नकर्त्तरि च ध्यानमददद्देवेति यावत्। निरर्थम् = प्रयोजनशून्यम्। पूरितः = भरितः, जठरमेव पिटकः = मञ्जूषा येन तादृशः। ''पिटकः पेटकः पेटा मञ्जूषे'' त्यमरः। गलनलम् = कण्ठरन्ध्रम्, कवोष्णयन् = ईषदुष्णं कुर्वन्।

पैर और थका तथा पसीने से लथपथ शरीर देख कर महाराज शिवाजी ने यह समझ कर कि ''कोई अश्वारोही दूर से आया है और यह उसका नौकर है'' उससे पूछा 'यह घोड़ा किसका है ?' अपने काम में लगे हुए उसने अन्यमनस्कतापूर्वक उत्तर दिया ''कोई आया है।'' पुनः महाराज शिवाजी के यह पूछने पर कि ''तुम लोग कहाँ से आये हो ?'' वह बोला, ''क्यों बेकार के प्रश्न पूछ रहे हो ? यदि बातचीत करना चाहते हो तो दो घड़ी बाद आना, तब अपना पेट-पिटारा भर कर, तम्बाकू पीता (अपनी कण्ठनली को कुछ गर्म करता) हुआ, तुम्हारे साथ बातचीत कर के रास्ते की थकावट दूर करूँगा।'' यह सुन कर मन-ही-मन हँसते हुए शिवाजी ने पुनः पूछा ''अच्छा, ऐसा ही करेंगे, पर तब तक यह तो बताओ कि तुम लोग आ कहाँ से रहे हो ?'' वह घोड़े की ही ओर देखता हुआ

दिल्लीत आगताः, दिल्लीतो दिल्लीतो दिल्लीतः, कथय किं गजं ददासि घोटकं वा ?" तदाकर्ण्य, शिववीरस्तत्प्रकृतिं परिज्ञाय, शनैः परिवृत्य, मन्दिरस्य पश्चिमदेशे पर्य्यटितुमारेभे ।

"कोऽयं, कुतोऽयं, चरो वा संदेशहरो वा, कपटपथिको वा, अस्मत्पक्षपाती वा, शत्रुपदातिर्वा, कोऽप्युभयपक्षोदासीनो वेति सद्य एव विज्ञेयम्" इति विचारयन्, मन्दिर-पाश्चात्त्य-प्राचीर-गवाक्षादायान्तं कञ्चिदस्पष्टालाप—ध्वनिमश्रौषीत् । क्षणं विरम्य च, गवाक्ष-समीपमागत्य, ध्वनिप्रतिध्वनिभिरव्यक्तांश-बहुलामप्येवमुक्तिं निश्चिच्ये यत्—

"चिराय दिल्ली-वल्लभ-पाणिपल्लव-तल्लज-च्छायामध्युषितो-

मन्दिरस्य = देवालयस्य, **पाश्चात्त्यः**=पश्चाद् भवः, यः **प्राचीरगवाक्षः**= प्रान्ततोवृति-वातायनम्, तस्मात् "प्राचीरं प्रान्ततो वृतिः" इत्यमरः । **अस्पष्टः** = अव्यक्तः यः, यथा कथंचिदेवमेवमिति निश्चितः **आलापस्य** = पारस्परिकवार्त्तायाः, ध्वनिः, तम् । **ध्वनिप्रतिध्वनिभिः** = शब्दप्रतिशब्दैः, **अव्यक्तांशबहुलाम्** = अस्पष्टभागप्रचुराम् । **निश्चिच्ये** = निश्चिकाय ।

झुंझला कर बोला "तुम लोग कहाँ से आये हो, तुम लोग कहाँ से आये हो," इस कहाँ कहाँ से तो तुम मेरे कान फोड़े डाल रहे हो, हम दिल्ली से आये हैं दिल्ली से, दिल्ली से, दिल्ली से, कहो, हाथी देते हो कि घोड़ा ?" यह सुन कर शिवाजी उसका स्वभाव समझ कर, धीरे से लौट कर, मन्दिर के पश्चिम की ओर टहलने लगे ।

"यह कौन है, कहाँ से आया है, गुप्तचर है या दूत, छद्मवेषी पथिक है या हमारे ही पक्ष का कोई व्यक्ति, शत्रुसेना का कोई सैनिक है या दोनों पक्षों से उदासीन कोई तटस्थ व्यक्ति, यह शीघ्र ही जानना चाहिये" यह विचार करते हुए शिवाजी ने मन्दिर की पश्चिम ओर की चहारदीवारी की खिड़की से आती हुई फुसफुसाहट (बातचीत की अस्पष्ट और मन्द ध्वनि) सुनी । क्षण भर रुक कर, खिड़की के पास आकर, शिवाजी ने, ध्वनि-प्रतिध्वनि के कारण उस अस्पष्ट बातचीत के अधिकांश भाग के अव्यक्त होने पर भी, उसके अधोलिखित उक्ति होने का निश्चय किया ।

ऽस्मि । परं वयं कवयः कस्यापि राजत्वं वा प्रतापित्वं वा आढ्यत्वं वा नापेक्षामहे, न वा कस्यापि साभिमान—भ्रूभङ्गम् उत्तुङ्ग–कोपा–श्चिताखर्व–गर्व–बर्बरतां वा सहामहे । न तस्य तादृशं भू-वलये राज्यं यादृशमस्माकं सारस्वतसृष्टौ । तस्य क्रीतदासा अपि न तदीहा-समकालमेव बद्ध-कर-सम्पुटा यथोचितावस्थाना: पुरोऽवतिष्ठन्ते; यथाऽस्माकं पदानि वाक्यानि छन्दांसि अलङ्कारा

चिरायेत्यारभ्य किं भावीत्यन्तं पथिकस्य कस्यचनोक्तिः । स चायं पथिको हिन्दीकविकुलमूर्धन्यो भूषण एवेत्यग्रे स्फुटीभविष्यति । **दिल्लीवल्लभपाणिपल्लवतल्लजस्य** = दिल्लीपति-करकिसलय-प्रशस्तस्य, **छायाम्** = आश्रयम् । "उपान्वध्याङ्वसः" इति सप्तम्यर्थे द्वितीया । **अध्युषितः** = कृतनिवासः । **आढ्यत्वम्** = धनिकत्वम् । अभिमानेन सहितः **साभिमानः**, स चासौ **भ्रूभङ्गः** = भ्रूविक्षेपः, तम् । **उत्तुङ्गकोपेन** = विपुलक्रोधेन, **अश्चिताम्** = भूषिताम् **अखर्वगर्वाम्** = अनल्पदर्पाम् **बर्बरताम्** = मूर्खताम् । सरस्वत्या इयं **सारस्वती** = वाग्देवी, सा चासौ **सृष्टिः**=सर्गः, तस्याम् । **क्रीतदासाः**=स्वाधीनीकृता भृत्याः । न केवलं वेतनमात्रभोगिनः । **तदीहासमकालम्** = तदिच्छासमसमयम् । **बद्धकरसम्पुटाः** = प्राञ्जलयः । **यथोचितावस्थानाः** = समुचितस्थानस्थितयः । **पदानि** = सुबन्तानि तिङन्तानि च । "सुप्तिङन्तं पदमि"ति पाणिनिदर्शनम् । "एतानि चत्वारि पदजातानि नामाख्यातोपसर्गनिपाताश्चे"ति भणतो निरुक्तकारस्याप्यत्रैव तात्पर्यम् । उपसर्गनिपातयोरपि सुबन्तत्वात् नाम्नश्च सुबन्तत्वाविशेषादिति वैयाकरणाः । **वाक्यानि** = सुबन्तचया, तिङन्तचयाः, सुबन्ततिङन्तचयाश्च । "सुप्तिङन्तचयो वाक्यामि"ति अमरकारः । "एकतिङ् वाक्यमि"ति

"मैं बहुत दिनों तक दिल्ली-सम्राट् औरंगजेब के प्रशस्त करपल्लव की छाया में रहा हूँ । पर हम कवि लोग न तो किसी के राजा, प्रतापी या धनी होने की ही परवाह करते हैं और न किसी का अभिमानपूर्वक भौंहें टेढ़ी करना, क्रोधपूर्ण, गर्व या बर्बरतापूर्ण व्यवहार ही सहते हैं । औरंगजेब का पृथ्वी पर वैसा राज्य नहीं है जैसा हमारा काव्य जगत् में । उसके खरीदे हुए गुलाम भी उसकी इच्छा होते ही तत्क्षण हाथ जोड़कर उसके सामने आकर यथोचित स्थान पर वैसे नहीं खड़े हो

रीतयो गुणा रसाश्च । स दीनारसंभारैरपि न तथा परांस्तोषयितुमलम् ; यथा वयं केवलं वचनभङ्गीभिरेव पारयामः । अस्मच्छृङ्गाररस-रसायनकमास्वाद्य जित-राग-द्वेषो मुनिरपि प्रतीपदर्शिनीमनुकूलयितुमाकुलः कल्पेत । अस्मद्वैराग्य-कवितामाकर्ण्य रागोऽपि

